पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 13 अभियुक्त व एनबीडब्ल्यू में 01 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक- 19.06.2024

दिनांक 18/19.06.2024 को थाना चिनहट 02, दुबग्गा 01, माल 01, चौक 02, थाना साइबर क्राइम 07 अभियुक्त व एनबीडब्ल्यू में थाना निगोंहा 01 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 13 अभियुक्त व एनबीडब्ल्यू में 01 अभियुक्त गिरफ्तार।

भा0द0वि0

थाना पीजीआई/ निगोंहा- दिनांक 19.06.2024 को थाना पीजीआई द्वारा बताया गया कि एसजीपीजीआई ट्रामा-2 लखनऊ से थाना पीजीआई पर एक किता मेमो इस आशय से दाखिल किया गया कि आज दिनांक 18.06.2024 शाम को रंजीत सिंह यादव उम्र करीब 50 वर्ष पुत्र इंद्रपाल सिंह निवासी मस्तीपुर थाना निगोंहा लखनऊ को इस चिकित्सालय में लाया गया। जहां इलाज के दौरान रंजीत सिंह यादव की मृत्यु हो गई। **इस सूचना पर उ0नि0 श्री धर्मवीर साही मो0नं0- 9839233373 थाना पीजीआई द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** थाना निगोंहा द्वारा बताया गया कि मृतक रंजीत यादव उम्र करीब 50 वर्ष उपरोक्त दिनांक 18.06.2024 शाम को घर के बाहर बैठे थे कि रायबरेली की तरफ से आ रही कार के चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खोकर घर के बाहर बैठे रंजीत सिंह यादव उपरोक्त को टक्कर मार दी। जिससे रंजीत सिंह यादव उपरोक्त गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको इलाज हेतु सीएचसी मोहनलालगंज लाया गया, जहां से इन्हें एसजीपीजीआई ट्रामा-2 लखनऊ रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान रंजीत सिंह यादव उपरोक्त की मृत्यु हो गई। मृतक के 02 बच्चे है। मृतक मजदूरी करता था।

थाना कृष्णानगर- दिनांक 19.06.2024 को थाना कृष्णानगर द्वारा बताया गया कि वादी श्री रविशंकर सिंह पुत्र विनय कुमार सिंह निवासी 551छ/202 एफ नया सरदारी खेडा आलमबाग थाना कृष्णानगर लखनऊ ने थाना कृष्णानगर पर सूचना दिया कि वादी दिनांक 29.05.2024 को घर बंद करके प्रयागराज गया था। बगल में वादी के जीजा जी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह का घर है। जिनको वादी बाहर गेट की चाभी दे गया था। जो सुबह-शाम पौधो को पानी डालते व बाहर की लाइट जला देते थे। दिनांक 16.06.2024 समय करीब 10 बजे मेन गेट खोल कर वादी की बहन पौधो को पानी डालने आयी तो देखा कि घर के गेट का ताला टूटा था यह देखने के तुरंत वाद वादी की बहन ने वादी को कॉल कर के यह सूचना दी। वादी के घर आने पर वादी ने घर में जाकर देखा कि वादी की सोने की चैन, दो अगूंठी, चांदी की कटोरी व गिलास व अन्य जरूरी कागजात को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। **इस सूचना पर थाना कृष्णानगर पर मु0अ0सं0- 264/2024 धारा- 457/380 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

थाना गोमतीनगर- दिनांक 19.06.2024 को थाना गोमतीनगर द्वारा बताया गया कि श्री अतुल कुमार पुत्र स्व0 राजेन्द्र कुमार निवासी 53 क/692 छोटी जुगौली थाना गोमतीनगर लखनऊ ने थाना गोमतीनगर पर सूचना दिया कि उनके मकान में छत पर बने एक टीन शेड के रूम में किरायेदार रामबहादुर पुत्र मुन्ना निवासी ढेकवा सैदपुर लेडुआडीह जनपद अम्बेडकर नगर रहता था। आज दिनांक 19.06.2024 को सुबह 09.40 बजे बदबू आने के कारण जब उनके द्वारा ऊपर किरायेदार के कमरे में जाकर देखा गया तो रामबहादुर उपरोक्त मृत अवस्था में पड़ा हुआ था, जिसका शव फूला हुआ था एवं बदबू आ रही थी। **इस सूचना पर उ0नि0 श्री मनोज कुमार सिंह मो0नं0- 8299618106 द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि रामबहादुर उम्र करीब 54 वर्ष उपरोक्त टाइल्स लगाने का काम करते थे।